# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**PERIODIC TEST-2 (2025-26)**
**HINDI**
**MARKING SCHEME**

Class : VIII | Duration : **1 Hrs**
Date : 08-11-2025 | Max. Marks : **25**

---

## खंड – क पाठ्यपुतक (10 अंक)

प्रश्न 01 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए – (2X2=4)

(1) 'हक दो' कविता में कवि ने बादलों के लिए कौन-कौन से अधिकार माँगे हैं?

उत्तर - बादलों के लिए कवि ने वर्षा करने, गड़गड़ाने, उड़ने, बरसने और स्वतंत्र रहने का अधिकार माँगा है। पाठानुसार विषयवस्तु स्वीकार

(2) कवि के अनुसार, फूल को क्या हक मिलना चाहिए ? हक़ दो कविता के अनुसार लिखिए |

उत्तर - फूल को खिलने, मुस्कराने, हवा से प्यार करने और अपनी सुगंध फैलाने का हक मिलना चाहिए। पाठानुसार विषयवस्तु स्वीकार

(3) दूब की पताका मानव को क्या सन्देश देती है ? हक़ दो कविता के अनुसार लिखिए |

उत्तर - दूब की पताका मानव को सादगी, सहनशीलता और विनम्रता का संदेश देती है। पाठानुसार विषयवस्तु स्वीकार

प्रश्न 02 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए – (2X3=6)

(1) "समय ही जीवन है" — इस कथन का अर्थ समय का उपयोग पाठ के अनुसार स्पष्ट कीजिए।
उत्तर - "समय ही जीवन है" का अर्थ – समय का सही उपयोग ही जीवन की सफलता का आधार है; समय नष्ट करना जीवन को नष्ट करना है। पाठानुसार विषयवस्तु स्वीकार

(2) समय का उपयोग पाठ के अनुसार 'सच्चा विद्यार्थी' समय का उपयोग किस प्रकार करता है?
उत्तर - सच्चा विद्यार्थी समय का सदुपयोग करता है – नियमित अध्ययन, अनुशासन, खेल-शिक्षा में संतुलन रखता है। पाठानुसार विषयवस्तु स्वीकार

(3) समय के सदुपयोग से हमें क्या लाभ प्राप्त होते हैं?

उत्तर - समय के सदुपयोग से सफलता, आत्मविश्वास, और जीवन में संतुलन प्राप्त होता है। पाठानुसार विषयवस्तु स्वीकार

## खंड – ख : व्याकरण (10 अंक)

प्रश्न 03 निम्नलिखित पदों के समस्तपद बनाकर समास का भेद बताइए — (2X1=2)

(क) न उपस्थित = ------------ -------------

उत्तर – अनुपस्थित- नञ् तत्पुरुष समास

(ख) राजा का पुत्र = ------------ -------------

उत्तर – राजपुत्र – सम्बन्ध तत्पुरुष समास

प्रश्न 04 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य में प्रयोग कीजिए — (2X1=2)

(क) राजा

उत्तर – रानी - रानी महल में रहती है।

(ख) पुत्री

उत्तर – पुत्र - पुत्र विद्यालय गया।

प्रश्न 05 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य में प्रयोग कीजिए — (2X1=2)

(क) पुस्तक

उत्तर – पुस्तकें - मैंने पुस्तकें पढ़ीं।

(ख) लड़कियाँ

उत्तर – लड़की - वह लड़की गीत गा रही है।

प्रश्न 06 निम्नलिखित वाक्यों को इच्छानुसार काल बदलकर लिखिए — (2X1=2)

(क) मैं कल बाज़ार गया था।

उत्तर - मैं कल बाज़ार जाऊँगा।(भविष्यत् काल)

मैं बाजार जा रहा हूँ | (वर्तमान काल)

(ख) वह अब पढ़ रहा है।

उत्तर - वह तब पढ़ रहा था।(भूतकाल)

वह अब पढ़ रहा होगा।(वर्तमान काल)

प्रश्न 07 वाक्यों को निर्देशानुसार वाच्य में बदलकर लिखिए — (2X1=2)

(क) लड़का गेंद खेल रहा है। (कर्मवाच्य में)

उत्तर – लड़के के द्वारा गेंद से खेला जा रहा है।

(ख) विद्यालय द्वारा परीक्षा ली गई थी। (कर्तृवाच्य में)

उत्तर - विद्यालय ने परीक्षा ली।

## खंड – ग लेखन (5 अंक)

प्रश्न 08 निम्नलिखित विषयों में के किसी एक विषय पर एक औपचारिक पत्र लिखिए — (1X5=5)

आप सुकर्मा गुप्ता कक्षा आठवीं के छात्र हैं | विद्यालय में विद्यार्थियों की पढ़ने में रुचि बढाने के लिए पुस्तकालय में बदलाव करने की प्रार्थना हेतु ललितकला विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए |

अथवा

अपने पिताजी को पत्र लिखिए जिसमें आपको कुछ पुस्तकें खरीदने के लिए रुपयों की माँग की गई हो और उचित कारण भी बताया गया हो|

उत्तर –

| | |
|---|---|
| प्रारूप की शुद्धता (प्रेषक, प्राप्तकर्ता, तिथि, विषय, संबोधन, अंत) | 1 |
| विषय की प्रासंगिकता / उद्देश्य की स्पष्टता | 1 |
| भाषा की शुद्धता / व्याकरण / वाक्य संरचना | 1 |
| विचारों की क्रमबद्धता एवं प्रस्तुति | 1 |
| उचित समापन एवं अभिव्यक्ति | 1 |

=================== सफलता के लिए शुभकामनाएँ ===================